# शासकीय स्वशासी महात्मागांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय इन्दौर

क्रमांक / /स्था/स्वशासी/2022 इन्दौर दिनांक

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय इन्दौर से बी.एस.सी. नर्सिंग परीक्षा उत्तीर्ण छात्रायें जो शासकीय सेवा के लिये **अनुबंधित (बाण्डेड)** हैं की सेवायें शासकीय–स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों से संबद्ध चिकित्सालयों में **नर्सिंग ऑफिसर (स्टाफ नर्स) (स्वशासी)** के रिक्त पदों पर की जाना है। वर्ष 2020–21 में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय इन्दौर से बी.एस.सी. नर्सिंग परीक्षा उत्तीर्ण किये जाने व शासन को अनुबंध निष्पादित किये जाने से निम्नलिखित बी.एस.सी. परीक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को **नर्सिंग ऑफिसर (स्टाफ नर्स) (स्वशासी)** के पद पर अनंतिम रूप से नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से **प्रथम 03 माह के लिए निश्चित पारिश्रमिक रूपये 10,000/–प्रतिमाह पर की जावेगी। 03 माह पश्चात नर्सिंग ऑफिसर (स्टाफ नर्स) की परीक्षा ली जावेगी परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात** सातवें वेतनमान में तालिका लेवल–7 (28700–91300) अनुसार प्रतिमाह एवं समय समय पर स्वीकृत भत्तों पर **तीन वर्ष की परिवीक्षा** अवधि पर निम्नानुसार पदस्थ किया जाता है :–

| क्र | छात्रा का नाम पिता का नाम | सीट वर्ग | पदस्थापना |
|---|---|---|---|
| 1. | आकृति सिंह पिता श्री भारत सिंह | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 2. | अलीशा काम्या एन्ड्रयूज पिता श्री कैलाश प्रदीप एन्ड्रयूज | ST | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 3. | अराधना मेढ़ा पिता श्री संजय मेढ़ा | ST | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 4. | आयुषी तिवारी पिता श्री रमेशचंद्र तिवारी | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 5. | बलवंती सरियाम पिता श्री लालजी सरियाम | ST | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 6. | भावना बघेल पिता श्री लुनिया बघेल | ST | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 7. | दीपिका चौधरी पिता श्री दिनेश चौधरी | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 8. | दिकांक्षा उपाध्याय पिता श्री सुंदरलाल उपाध्याय | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 9. | दिव्या भिमटे पिता श्री हिवराज भिमटे | SC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 10. | कंचन मिश्रा पिता श्री मुन्द्रिका प्रसाद मिश्रा | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 11. | मानसी द्विवेदी पिता स्व. श्री संतोष द्विवेदी | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 12. | मिनाक्षी दामके पिता श्री कांजीलाल दामके | SC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 13. | नीलम साहु पिता श्री राजेराम साहु | OBC | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 14. | निधी पांचाल पिता श्री रामस्वरूप पांचाल | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 15. | पारूल पाल पिता श्री मनोरंजन पाल | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 16. | पूजा चिचले पिता श्री दयाराम चिचले | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 17. | पूजा धोटे पिता श्री देवधर धोटे | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 18. | पूजा पटेल पिता श्री अच्छेलाल पटेल | OBC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 19. | पूजा राठौर पिता श्री देवीलाल राठौर | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 20. | पूजा सिंह पिता श्री पुष्पेन्द्र सिंह | OBC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 21. | पूनम मिश्रा पिता श्री मंगल प्रसाद मिश्रा | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 22. | प्रगति कुश्वाह पिता श्री बलवीर सिंह कुश्वाह | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 23. | प्रिया नागवंशी पिता श्री गोविन्द प्रसाद नागवंशी | SC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 24. | प्रियंका लोधी पिता श्री तुलसी राम लोधी | OBC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 25. | प्रियंका राणावत पिता श्री राजाराम राणावत | SC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 26. | राजनंदनी दसौंधी पिता श्री दिलीप दसौंधी | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 27. | रंजना प्रजापति पिता श्री पुरूषोत्तम प्रसाद प्रजापति | SC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 28. | रीना पंवार पिता श्री गोविंद पवांर | OBC | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 29. | रिया रेबेका सिंह पिता श्री राजीव सिंह मेहर | UR | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 30. | रूखमणी मर्सकोले पिता श्री कासू मर्सकोले | ST | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 31. | सरिता मीणा पिता श्री धुलचंद्र मीणा | UR | म.य. चिकित्सालय इन्दौर |
| 32. | सीमा मर्सकोले पिता श्री राधेलाल मर्सकोले | ST | सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर |
| 33. | शीतल मोहना पिता श्री संतोष मोहना | ST | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 34. | शिवानी इंग्ले पिता श्री संजय इंग्ले | UR | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 35. | शिवानी सोलंकी पिता श्री ब्रजकिशोर सोलंकी | ST | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 36. | शिवानी सोनेकर पिता श्री भगवती प्रसाद सोनेकर | UR | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 37. | श्रद्धा नायर पिता श्री सुनील नायर | UR | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 38. | सोनाली भाटी पिता श्री गजानंद भाटी | UR | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 39. | सुनिता चौहान पिता श्री गोपाल सिंह चौहान | SC | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 40. | तनु तोमर पिता श्री राजेश सिंह तोमर | UR | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 41. | तारा कुमावत पिता श्री रामेश्वर कुमावत | OBC | महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय इन्दौर |
| 42. | वंशिका डावर पिता श्री नारायण डावर | ST | महाराजा तुकोजीरावं चिकित्सालय इन्दौर |

**आपकी नियुक्ति निम्नलिखित शर्तो के अधीन होगी :–**

1. चयनित प्रत्याशी को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व जिला चिकित्सा मण्डल के समक्ष उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा एवं स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

2. मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा आदर्श नियम 2018 सह चिकित्सीय सवर्ग के नियम लागू होंगे ।
3. मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग की अधिसूचना कमांक एफ–9/3/2005/नियम/चार दिनांक 02.04.2005 के अनुसार आप पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 लागू नहीं होंगे। मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग की अधिसूचना कमांक एफ–5/1/2005/नियम/चार दिनांक 02.04.2005 के अनुसार मध्यप्रदेश सामान्य भविष्य निधि नियम भी लागू नहीं होंगे।
4. चयनित प्रत्याशी को आदेश जारी होने के दिनांक से अधिकतम 15 दिवस में अनिवार्यतः कार्यभार ग्रहण करना होगा। कार्यभार ग्रहण ना करने की दशा में अनुबंध अनुसार अग्रेतर कार्यवाही की जावेगी।
5. आपकी सेवायें किसी भी समय नियोक्ता द्वारा एक माह का नोटिस देकर या उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर समाप्त की जा सकेगी ।
6. **स्टाफ नर्स की नियुक्ति प्रथम 03 माह के लिए निश्चित पारिश्रमिक रूपये 10,000/– प्रतिमाह पर की जावेगी। 03 माह पश्चात स्टाफ नर्स की परीक्षा ली जावेगी परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात ही अभ्यिर्थियों को नियमित स्थापना के पदों में नियुक्त किया जावेगा। नियमित स्थापना पश्चात आपकी नियुक्ति म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय,भोपाल के ज्ञाप कमांक सी,3–13/2019/3/एक भोपाल, दिनांक 12.12.2019 में दिए गए निर्देशानुसार 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर होगी । परीविक्षा अवधि में स्टॉफ नर्स के पद के वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष 70प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत, तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगी। परीविक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जाएगा।**
7. आपके द्वारा प्रस्तुत कोई भी प्रमाण पत्र/अभिलेख गलत पाये जाने पर नियुक्ति आदेश स्वमेव निरस्त माना जावेगा ।
8. आपकी वरिष्ठता संस्था की वरिष्ठता कमानुसार ही रहेगी।
9. इस नियुक्ति में अनुसूचित जाति /जनजाति/अपिव/महिला के पदों के आरक्षण संबंधी प्रावधानों को ध्यान में रखा गया है।
10. आपकी नियुक्ति इस स्वशासी संस्था के सेवा शर्तो के अधीन होगी, संस्था अपनी सेवा शर्तो में आंशिक सुधार एवं परिवर्तन कर सकेगी ।
11. एक बार इस संस्था में नियुक्त होने के पश्चात आपकी सेवायें अन्य संस्थाओं को स्थानांतरित नही होगी।
12. उपस्थिति दिनांक को संपूर्ण प्रमाण पत्र, उपाधियां एवं अन्य प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां जमा करनी होंगी तथा मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।
13. आपको कार्य पर उपस्थित होते समय 100 रू के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. संस्था के किसी भी कर्मचारी को राजनैतिक अथवा किसी भी अवैध गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति नही होगी
15. आपको कार्य पर उपस्थित होते समय अथवा उपस्थित दिनांक के तीन माह के भीतर महाकौशल नर्सेस रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा आपकी सेवायें स्वतः ही समाप्त मानी जावेगी।
16. चयनित प्रत्याशी की नियुक्ति पुलिस वेरिफिकेशन में उपयुक्त पाये जाने के उपरांत ही मान्य होगी।
17. संबंधित का कार्य एवं व्यवहार उचित ना पाये जाने पर तथा हड़ताल आदि में भाग लेने पर सेवायें समाप्त की जा सकेगी।
18. शासन द्वारा समय पर दिये गये निर्देशानुसार सेवा शर्तों में परिवर्तन किये जा सकते हैं। यह परिवर्तन वेतन संबंधी शर्तो में भी हो सकता है।
19. भविष्य में यदि कभी भी अर्हता संबंधी कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो सेवा समाप्त की जा सकेगी।
20. आपको कार्य पर उपस्थित होते समय जन्मतिथि बाबद प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं अन्य वांछित प्रमाण पत्र, दो सेवा पुस्तिका तथा रू. 3 का ट्रेजरी चालान प्रस्तुत करना होगा ।

**(डॉ. संजय दीक्षित)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**म.गा.स्मृ. चिकि. महावि. एवं संबद्ध चिकित्सालय,**
**(स्वशासी संस्था) इन्दौर**

**कमांक /5510-19/स्था/स्वशासी/2022** **इन्दौर दिनांक** 1/4/2022

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. संचालक, चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल।
2. संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, म.य. चिकित्सालय, इंदौर।
3. अधीक्षक, सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पीटल, इंदौर।
4. प्रभारी अधिकारी, महाराजा तुकोजीराव चिकित्सालय (एम.टी.एच.) इन्दौर।
5. प्राचार्या, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, इंदौर।
6. नर्सिंग अधीक्षक म.य. चिकित्सालय इन्दौर।
7. **लेखा शाखा स्थानीय कार्यालय इन्दौर की ओर भेज कर लेख है कि बिन्दु कमांक 06 अनुसार वेतन आहरण की प्रकिया अपनायी जायी।**
8. सिविल सर्जन मेडिकल बोर्ड इन्दौर।
9. संबंधितों की सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
10. कार्यालय आदेश नस्ति ।

**(डॉ. संजय दीक्षित)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**म.गा.स्मृ. चिकि. महावि. एवं संबद्ध चिकित्सालय,**
**(स्वशासी संस्था) इन्दौर**